सुनील कुमार, आई.ए.एस.
सचिव

**Sunil Kumar, IAS**
**Secretary**

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद रोड,
कृषि भवन, नई दिल्ली–110001
Government of India
Ministry of Panchayati Raj
Dr. Rajendra Prasad Road,
Krishi Bhawan, New Delhi-110001

# अपील

प्रिय साथियों,

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

जैसा कि आपको विदित है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 343 (1) के अनुसार संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी है जिसका निर्णय दिनांक 14 सितम्बर, 1949 को देश की संविधान सभा ने सर्वसम्मति से लिया था । इस महत्वपूर्ण एवं ऐतिसाहिक निर्णय की स्मृति में हम प्रतिवर्ष 14 सितम्बर को **'हिंदी दिवस'** मनाते हैं।

अतः प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंचायती राज मंत्रालय द्वारा सितंबर माह में **'हिंदी पखवाड़ा'** का आयोजन किया जा रहा है। पंचायती राज मंत्रालय राजभाषा के विकास एवं इसकी उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए निरंतर कार्यरत है। मंत्रालय राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं, हिंदी निबंध लेखन, वाद-विवाद, हिन्दी टंकण, श्रुतलेख आदि का आयोजन कर रहा है।

मैं आपको बताना चाहूंगा कि 4 जुलाई, 2023 में पंचायती राज मंत्रालय ने हिंदी सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुई थी जिसमें माननीय पंचायती राज मंत्री ने राजभाषा हिंदी की उत्तरोत्तर प्रगति एवं उसके प्रगामी प्रयोग हेतु आश्वासन भी दिया। संघ की राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देना हमारा संवैधानिक दायित्व है। अतः हमारा कर्तव्य है कि सरकारी कामकाज में हम अधिक से अधिक हिंदी भाषा का प्रयोग करे। इसके लिए अधिकारियों/कर्मचारियों को हिंदी भाषा तथा टंकण आदि का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है ताकि सभी अधिकारी/कर्मचारी अपना शत प्रतिशत कार्य हिंदी में करना सुनिश्चित करें।

मैं, **'हिंदी दिवस'** के इस अवसर पर पंचायती राज मंत्रालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अपील करता हूं कि आप सभी अपना शत प्रतिशत सरकारी कार्य हिंदी में ही करें और गृह मंत्रालय द्वारा जारी मानक प्रचालन प्रक्रिया (एस ओ पी) का पालन करते हुए **'हिंदी पखवाड़ा'** में बढ़-चढ़ कर भाग लें और इसे सफल बनाएं।

शुभकामनाओं सहित,

**(सुनील कुमार)**



Tel.: 011-23389008, 23074309 • Fax: 011-23389028 • E-mail: secy-mopr@nic.in

Generated from eOffice by PRATIMA BARA, STO-(PB)-HIN, SENIOR TRANSLATION OFFICER, MOPR on 04/09/2023 03:34 PM